प्रेस विज्ञप्ति

उज्ज्वला सिंघानिया ने फिक्की एफएलओ के 38वें राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

नयी दिल्ली, 4 मई, 2021: उज्ज्वला सिंघानिया को दक्षिणपूर्व एशिया के सबसे पुराने महिला नेतृत्व वाले और महिला केंद्रित बिजनेस चैंबर फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने एफएलओ के 37वें वार्षिक सम्मेलन में **महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह** सहित अन्य नामी हस्तियों की उपस्थिति में एफएलओ के 38वें अध्यक्ष के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया।

एफएलओ के 38वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर सुश्री सिंघानिया उद्यमशीलता, उद्योग में भागीदारी और महिलाओं के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को सुगम बनाकर महिलाओं के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करेंगी। उनके नेतृत्व में एफएलओ भारत के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की राह में महिलाओं का अधिक से अधिक योगदान बढ़ाने की दिशा में कई कार्य करेगा।

वर्ष 2021–22 के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री उज्ज्वला सिंघानिया ने अपनी नयी भूमिका के बारे में कहा, ''महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में काम करने का एफएलओ का शानदार इतिहास रहा है और ऐसे संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। मैं महिलाओं के इस कंसोर्टियम का 19 वर्षों से अधिक समय से हिस्सा रही हूं और इस संगठन का सामूहिक मिशन सही मायने में एक समावेशी आर्थिक विकास के लिए सभी क्षेत्रों में महिलाओं को अपनी प्रतिभा, कौशल, अनुभव और ऊर्जा दिखाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सुविधा प्रदान करना है। इससे ना केवल उनके जीवन में सकारात्मक प्रभाव की लहर लाने में, बल्कि संपूर्ण समाज पर एक आशावादी प्रभाव डालने में मुझे मदद मिलेगी।''

सुश्री उज्ज्वला सिंघानिया ने आगे कहा, ''महिलाएं इस राष्ट्र के औद्योगिक उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। हालांकि, भारत में 14 प्रतिशत से भी कम महिला उद्यमियों के होने और इस देश की महिला कार्यबल की भागीदारी में गिरावट आने के मद्देनजर हमें उन प्रतिभाओं का दोहन करने की जरूरत है जिनका दोहन नहीं हुआ है। एफएलओ का मानना है कि आत्मनिर्भर भारत और चौथे औद्योगिक क्रांति को देखते हुए उपक्रमों को बढ़ावा देने एवं **स्टार्ट–अप पारितंत्र** का निर्माण करने का यह हमारे लिए अवसरों से भरा समय है। एक उद्यमी के तौर पर महिलाओं की सफलता के लिए एफएलओ निरंतर आवश्यक कौशल, अवसर और सूचना एवं ज्ञान तक पहुंच उपलब्ध कराता रहेगा। एसएमई क्षेत्र में महिलाओं का पहले से बड़ा योगदान है और एसएमई हमारे देश के औद्योगिक विकास में एक अहम भूमिका निभाता है। एफएलओ महिलाओं और इस देश के लिए आर्थिक समृद्धि हासिल करने के एक साधन के तौर पर टिकाऊ औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।''

टेक्सटाइल्स, ग्रामीण विकास जैसे अन्य क्षेत्रों में इस वर्ष पहल करने की योजना है जिससे महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर उपक्रम को आगे बढ़ाने एवं आर्थिक विकास की पहल में मदद मिलेगी। भारत के हैंडलूम एवं कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हस्तक्षेप करना, कृषि गतिविधियों से जुड़ी महिलाओं की मदद, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहन की योजना है। वर्ष 2021–22 में पूरे साल भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष का जश्न मनाना पर भी एफएलओ में हमारा फोकस होगा।

इसके अलावा, एफएलओ कॉनक्लेव, ट्रेड एक्सपो का भी आयोजन करेगा और शत प्रतिशत महिलाओं के स्वामित्व वाले विनिर्माण उद्योगों के लिए औद्योगिक पार्क स्थापित करेगा। इससे महिलाओं के जीवन में एक अहम बदलाव लाया जा सकेगा।

सुश्री सिंघानिया भारत के अग्रणी कारोबारी घरानों में से एक जेके ऑर्गनाइजेशन की चौथी पीढ़ी से हैं। वह निजी इक्विटी और वेंचर कैपिटल के जरिये निवेश करने वाली फर्म जेके इंटरनेशनल की निदेशक हैं। वह जनरल डेटा प्राइवेट लिमिटेड की भी निदेशक हैं। यह सॉफ्टवेयर विकास एवं इंजीनियरिंग विश्लेषण में दक्ष कंपनी है।

सुश्री सिंघानिया स्वभाव से नेतृत्वकर्ता हैं जो महिलाओं के सशक्तिकरण की पुरजोर वकालत करती हैं। जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं के लिए कुछ हटकर करने के उनके अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप वर्ष 2015 में एफएलओ वुमेन डायरेक्टर्स पहल की गई। समय के साथ सुश्री सिंघानिया ने महसूस किया कि कॉरपोरेट कंपनियों के निदेशक मंडल में लिंग समानता लाने की जरूरत है। इस स्थिति से निपटने के लिए सुश्री सिंघानिया ने सभी 17 चैप्टरों में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग प्रोग्राम आयोजित किए।

फिक्की एफएलओ के बारे में

एफएलओ, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (फिक्की) की महिला शाखा है। वर्ष 1983 में स्थापित एफएलओ, भारत में शीर्ष उद्योग मंडल–फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का एक प्रभाग है जोकि भारत में उद्योग एवं वाणिज्य का शीर्ष निकाय है। एफएलओ कार्यशालाओं, संगोष्ठितयों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों आदि के जरिये महिलाओं के बीच उद्यमशीलता और पेशेवर उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता रहा है। महिलाओं के लिए अखिल भारतीय संगठन के तौर पर एफएलओ के देशभर– अहमदाबाद, बेंगलूरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, कानपुर, लुधियाना, मुंबई, पूर्वोत्तर, पुणे, अमृतसर और उत्तराखंड में 17 चैप्टर हैं और इसका मुख्यालय नयी दिल्ली में है। इसके सदस्यों में उद्यमी, पेशेवर और कंपनियों के कार्यकारी शामिल हैं।

अन्य मीडिया पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें

Kommune Brand Communications
Shweta Sharma
Email: shwetasharma@kommune.in
Contact: +91 7838484850